**व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय, उस्मानाबाद**

**हिंदी विभाग**

**शैक्षिक वर्ष २०१९-२०२०**

**वार्षिक प्रतिवेदन**

**१) 'नीलकंठ मोर' रेखाचित्र का प्रदर्शन (दि. २२ जुलाई २०१९) :-** बी. ए./ बी. एस्सी. द्वि. व. हिंदी (द्वि. भा.) के छात्रों के लिए महीयसी महादेवी वर्मा लिखित रेखाचित्र 'नीलकंठ मोर' का दृक्श्राव्य रूपांतर दिखाया गया। इस अवसर पर डॉ. संजय जोशी, डॉ. विनोदकुमार वायचल तथा बी.ए./ बी. एस्सी. / बी. कॉम. के छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**२) 'होरी' नाटक का प्रदर्शन (दि. २३-२४-२५ जुलाई २०१९) :-** बी. ए. प्रथम वर्ष के हिंदी (ऐ.) के छात्रों के लिए प्रेमचंद रचित उपन्यास 'गोदान' के विष्णु प्रभाकर कृत नाटय रूपांतर 'होरी' का दृक्श्राव्य रूपांतरण दिखाया गया। इस अवसर पर डॉ. संजय जोशी, डॉ. विनोदकुमार वायचल तथा बी.ए. के छात्र उपस्थित रहे।

**३) प्रेमचंद जयन्ती (दि. ३१ जुलाई २०१९) :-** कथा सम्राट प्रेमचंद जी की जन्मजयंती के अवसर पर व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय उस्मानाबाद में आयोजित साहित्य मंडल का उद्घाटन समारोह आज दि. ३१ जुलाई २०१९ आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. बाबासाहब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद के हिंदी अध्ययन मंडल के अध्यक्ष डॉ. देविदास इंगळे सर (हिंदी विभागाध्यक्ष, रामकृष्ण परमहंस महविद्यालय, उस्मानाबाद) का विशेष व्याख्यान संपन्न हुआ। प्रमुख अतिथि के करकमलों से विशेष भित्तिपत्रक का अनावरण किया गया। 'मेरे प्रिय कथाकार प्रेमचंद' विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किये गए।

**४) 'एटम बम' कहानी पर आधारित दृक श्राव्य प्रदर्शन (दि. ४ सितम्बर २०१९):-** सुप्रसिद्ध हिंदी कथाकार अमृतलाल नगर जी की कहानी 'एटम बम' पर आधारित दृक श्राव्य रूपांतरण एवं दूसरे विश्व युद्ध के समय के नागासाकी और हिरोशिमा पर डाले गए बम के दृक श्राव्य समाचार दिखाए गए। इस अवसर पर डॉ. संजय जोशी, डॉ. विनोदकुमार वायचल तथा बी.ए./ बी. एस्सी. / बी. कॉम. के छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**५) राष्ट्रीय हिंदी दिन (दि. १४ सितम्बर २०१९) :-** राष्ट्रीय हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय, उस्मानाबाद में छात्रों द्वारा तैयार किये गये दो भित्तीपत्रकों का अनावरण प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. जयश्री कुलकर्णी जी के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. विनोदकुमार विलासराव वायचळ 'वेदार्य' को डॉ.. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम अंतर्राष्ट्रीय सम्मान घोषित होने पर सत्कार भी

आयोजित किया गया। इस अवसर पर कला स्नातक द्वितीय वर्ष के छात्र श्री. संतोष चव्हाण ने हिंदी दिवस के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मराठी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रशांत चौधरी, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना बनाळे, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रा. अशोक गोरे, राज्यशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रा. दिनकर रासवे, प्रा. बापू बारातें, डॉ. महादेव हारगे आदि अध्यापक एवं छात्र उपस्थित रहे। सूत्रसंचालन एवं कृतज्ञता ज्ञापन डॉ. संजय जोशी ने किया।

**६) 'आपका बंटी' उपन्यास पर आधारित चलचित्र का प्रदर्शन (दि. १६-१८-१९ सितम्बर २०१९) :-** हिंदी की सुप्रसिद्ध लेखिका श्रीमती मन्नू भंडारी लिखित उपन्यास 'आपका बंटी' पर आधारित चलचित्र 'समय की धारा' का प्रदर्शन बी. ए. प्रथम वर्ष हिंदी (ऐ.) के छात्रों के लिए किया गया। इस अवसर पर डॉ. संजय जोशी, डॉ. विनोदकुमार वायचल और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**७) व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय में प्रादेशिक निबन्ध प्रतियोगिता सम्पन्न (दि. १७ सितम्बर २०१९) :-** राष्ट्रीय हिंदी सप्ताह एवं हैदराबाद मुक्ति दिन के उपलक्ष्य में व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय के हिंदी विभाग और धाराशिव आर्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रादेशिक निबन्ध प्रतियोगिता 'हैदराबाद मुक्ति संग्राम में आर्य समाज का योगदान' के विजेता छात्र-छात्राओं का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर तपस्वी पब्लिक चॅरिटेबल ट्रस्ट के सचिव एड. मिलिंद पाटिल जी एवं प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. जयश्री कुलकर्णी के करकमलों से पुरस्कार वितरित किए गये।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुश्री. नेहा ढमाले (बसवेश्वर महाविद्यालय, लातूर), द्वितीय स्थान सुश्री. प्रिया वाघुळे (शासकीय महाविद्यालय, औरंगाबाद), तृतीय स्थान सुश्री. सुमैय्या शेख (चव्हाण महाविद्यालय, लोहारा) ने प्राप्त किये। साथ ही सान्त्वना पुरस्कार क्रमशः श्री. सन्तोष चव्हाण, सुश्री. दिपाली बनसोडे और सुश्री. शीतल गायकवाड़ को प्रदान किए गए। सूत्रसंचलन डॉ. विनोदकुमार वायचळ तथा कृतज्ञता ज्ञापन डॉ. संजय जोशी ने किया। इस प्रतियोगित में डॉ. बाबासाहब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद, स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाडा विश्वविद्यालय, नांदेड एवं पुण्यश्लोक अहल्याबाई होलकर विश्वविद्यालय, सोलापुर के परिक्षेत्र के कुल १६ छात्रों ने सहभाग लिया।

**८) भानुदास चव्हाण महाविद्यालय में हिंदी पखवाडा (दि. २१ सितम्बर २०१९) :-** मराठवाडा शिक्षण प्रसारक मंडल संचलित, भानुदासराव चव्हाण महाविद्यालय, लोहारा जि. उस्मानाबाद के हिंदी सप्ताह समापन कार्यक्रम में डॉ. विनोदकुमार विलासराव वायचळ 'वेदार्य' का 'हिंदी राजभाषा से विश्वभाषा' इस विषय पर व्याख्यान संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रास्ताविक करते हुए हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शीतल गायकवाड़ जी। अध्यक्षीय मंतव्य प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. स्वामी जी ने किया।

**९) 'गाइड' उपन्यास एवं चलचित्र के आधार पर प्रस्तुति (दि. २५ सितम्बर २०१९) :-** व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय, उस्मानाबाद में आज दि. २५ सितंबर २०१९ के दिन "आर. के. नारायण रचित 'द गाइड' : अंग्रेजी उपन्यास से हिंदी चलचित्र तक " विषय पर डॉ. विनोदकुमार विलासराव वायचळ 'वेदार्य' ने शक्तिबिंदू प्रस्तुतिकरण किया। इस अवसर पर कला स्नातक प्रथम वर्ष अंग्रेजी तथा हिंदी ऐच्छिक विषय के छात्रों के साथ-साथ डॉ. अर्चना बनाळे, डॉ. मिलिंद माने और डॉ. संजय जोशी उपस्थित रहे।

**१०) भारतीय जीवन बीमा निगम मर्यादित, उस्मानाबाद में हिंदी पखवाड़ा समापन कार्यक्रम (२७ सितम्बर २०१९) :-** भारतीय जीवन बीमा निगम मर्यादित, उस्मानाबाद के कार्यालय में हिंदी पखवाड़ा समापन कार्यक्रम के कार्यालय में डॉ. विनोद्कुमार वायचल का 'हिंदी भाषा का वैश्विक परिप्रेक्ष्य' इस विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर हुई विविध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अध्यक्षीय मंतव्य शाखा प्रबंधक श्री. पेंदे साहब जी ने प्रकट किया। इस कार्यक्रम के लिए श्री. प्रमोद पाटिल जी ने विशेष सहयोग दिया।

**११) राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधालेख पठन (दि. २ अक्तूबर २०१९) :-** यशवंतराव चव्हाण औषध निर्माण महाविद्यालय औरंगाबाद में महात्मा गांधीजी की १५० वी जन्म जयन्ती के अवसर पर 'महात्मा गांधी : विचारधारा, दर्शन और प्रेरणा' विषय पर संपन्न एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ. विनोद्कुमार वायचल ने 'हिंदी चलचित्रों में गान्धीजी की विचारधारा का चित्रण : 'रोड टू संगम' के विशेष सन्दर्भ में' शीर्षक शोधालेख पठन किया।

**१२) राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधालेख पठन (४ अक्तूबर २०१९):-** स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाडा विश्वविद्यालय, नांदेड़ संलग्न बहिर्जी नाईक महाविद्यालय, वसमतनगर जि. नांदेड में सम्पन्न राष्ट्रीय संगोष्ठी 'समकालीन साहित्य में स्त्री चेतना' में डॉ. विनोद्कुमार वायचल ने 'भगवानदास मोरवाल रचित उपन्यास 'हलाला' में स्त्री चेतना' शीर्षक शोधालेख का पठन किया। इसी संगोष्ठी में डॉ. संजय जोशी ने 'समकालीन हिंदी नाटक 'कोमल गंधार' में स्त्री चेतना ' शीर्षक से शोधालेख प्रस्तुत किया।

**१३) राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधालेख पठन (५ अक्तूबर २०१९):-** स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाडा विश्वविद्यालय, नांदेड़ संलग्न हनुमान शिक्षक प्रसारक मंडळ संचलित स्व. रमेश वरपूडकर कला, वाणिज्य एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सोनपेठ, जि. परभणी में आय सी एस एस आर पुरस्कृत एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'हिंदी चलचित्रों में दृष्टि विकलांग विमर्श' विषय पर शोधालेख प्रस्तुत किया। इसी संगोष्ठी में डॉ. संजय जोशी ने 'विकलांगता और मनोविज्ञान के उपलक्ष्य में नाटक 'बिन बाती के दीप'' शीर्षक से शोधालेख प्रस्तुत किया।

**१४) हिंदी विभूषण श्री सम्मान पुरस्कार (दि. ३ नवम्बर २०१९) :-** श्रीमती कटोरिया देवी बाबुराम शर्मा हिंदी साहित्य समिति, बदायूं (उत्तर प्रदेश) द्वारा आयोजित पंचम अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मान – २०१९ दि. ३ नवम्बर २०१९ के दिन आर. के. इंटरनेशनल स्कूल, बिसौली, जि. बदायूं (उत्तर प्रदेश) में हिंदी

विभागाध्यक्ष डॉ. विनोदकुमार विलासराव वायचल को बांकेलाल शर्मा स्मृति हिंदी विभूषण श्री सम्मान पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार का स्वरुप रु. २००१/- नगद, सम्मानपत्र और स्मृतिचिन्ह है।

**१५) आचार्य आनंद पुरुषार्थी का व्याख्यान (४ दिसंबर २०१९):-** आर्य जगत के सुप्रसिद्ध विद्वान एवं विश्व के अनेक देशों में वैदिक धर्म का प्रचार प्रसार करनेवाले आचार्य आनंद पुरुषार्थी जी का व्याख्यान आयोजित किया। इस अवसर पर धाराशिव आर्य समाज के मंत्री श्री. विजय बंग, व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रशांत चौधरी, आर्य चाणक्य विद्यालय के मुख्याध्यापक डॉ. मनीष देशपांडे जी और शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

**१६) राष्ट्रीय युवा कवि काव्यपाठ प्रतियोगिता में दो छात्रों का सहभाग (दि. २३ दिसम्बर २०१९):-** अंजुमन खैरुल इस्लाम संचलित पूना महाविद्यालय, पुणे में आयोजित युवा कवि काव्यपाठ प्रतियोगिता में श्री. संतोष चव्हाण (बी. ए. द्वि. व.) और श्री. अनिकेत सोनवने इन दो छात्रों ने सहभाग लेकर अपनी कवितायेँ प्रस्तुत की।

**१७) लघु चलचित्र 'शोध : द सर्च' को उत्तम कथानक पुरस्कार (दि. ३१ दिसम्बर २०१९) :-** समर्थ सिटी बिल्डर्स एंड डेवेलोपेर्स, उदाजी मसाले, होटल उदर निर्वाह एवं श्रीराम बोरवेल्स प्रायोजित उस्मानाबाद अन्न, खाद्य एवं सांस्कृतिक महोत्सव २०१९, में दि. ३०-३१ दिसम्बर २०१९ इन दिनों डॉ. विनोदकुमार वायचल निर्मित लघु चलचित्र 'शोध : द सर्च' का प्रदर्शन हुआ। इसमें इस लघु चलचित्र को 'उत्तम कथानक' पुरस्कार श्री. घोडके महोदय के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया।

**१८) 'उसने कहा था' चलचित्र का प्रदर्शन (दि. १०-११-१२ दिसम्बर २०१९) :-** हिंदी के सुप्रसिद्ध कहानीकार चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' लिखित कहानी 'उसने कहा था' पर विमल रॉय निर्मित एवं मौनी भटाचार्य निर्देशित चलचित्र 'उसने कहा था' का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर डॉ. विनोदकुमार वायचल, डॉ. संजय जोशी और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**१९) राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधालेख पठन (दि. २० जनवरी २०२०):-** पीपल्स एजुकेशन सोसाइटी संचलित मिलिंद महाविद्यालय, औरंगाबाद में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी 'हिंदी भाषा और अनुवाद कला' में डॉ. विनोदकुमार वायचल ने 'अंग्रेजी से हिंदी अनुदित साहित्य :उमर खय्याम की रुबाइयों के एडवर्ड फिट्जेराल्ड कृत अंग्रेजी अनुवाद के हिंदी अनुवाद के विशेष सन्दर्भ में' शीर्षक शोधालेख पढ़ा।

**२०) राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह (दि. २६ जनवरी २०२०) :-** व्यंकटेश महाजन वरिष्ट महाविद्यालय उस्मानाबाद के हिंदी विभाग और धाराशिव आर्य समाज, उस्मानाबाद के संयुक्त

तत्वावधान में विश्व हिंदी दिन के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता – २०१९ ‘ मॉरिशस के हिंदी प्रचार प्रसार में आर्य समाज का योगदान’ का पुरस्कार वितरण समारोह दि. २६ जनवरी २०२० के दिन व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय में संपन्न हुआ। इस समारोह के प्रमुख अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध आर्य विद्वान एवं अनुवादक प्रधानाचार्य वेद्कुमार वेदालंकार के करकमलों से पुरस्कारों का वितरण किया गया। विशेष अतिथि के रूप में धाराशिव आर्य समाज के मंत्री श्री. विजयकुमार बंग उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, कर्णाटक और गुजरात के ५३ छात्रों ने सहभाग लिया। जिनमें से निम्न छात्रों को सम्मानित किया गया।

सर्व प्रथम पुरस्कार श्री.राकेशकुमार यादव (महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ विश्वविद्यालय, बडौदा, गुजरात) – रु. ३००१/- नगद, सम्मानपत्र और स्मृतिचिन्ह, द्वितीय पुरस्कार (संयुक्त) सुश्री. सुश्री. ऐश्वर्या बालाजी कन्नावार (नारायणराव वाघमारे महाविद्यालय, आखाडा बालापुर, ता. कलमनुरी, जि. हिंगोली) को रु. १००१/- नगद, सम्मानपत्र और स्मृतिचिन्ह, द्वितीय पुरस्कार (संयुक्त) सुश्री. प्रिया संतोष वाघुले (शासकीय ज्ञान विज्ञान महाविद्यालय, औरंगाबाद) को रु. १००१/- नगद, सम्मानपत्र और स्मृतिचिन्ह, तृतीय पुरस्कार (संयुक्त) सुश्री. शालिनी सिद्राम फावड़े (भानिदास चव्हाण महाविद्यालय, लोहारा, जि. उस्मानाबाद) को रु. ५०१/- नगद, सम्मानपत्र और स्मृतिचिन्ह, तृतीय पुरस्कार (संयुक्त) सुश्री. विशाखा विजयकुमार बंग (डॉ. बापूजी सालुंखे विधि महाविद्यालय, उस्मानाबाद) को रु. ५०१/- नगद, सम्मानपत्र और स्मृतिचिन्ह प्रदान किये गए। साथ ही सांत्वनापर पुरस्कार सुश्री. अर्चना, रायचूर, कर्नाटक, सुश्री. दीपाली उकंडे, परभणी, सुश्री. आरती घोरपड़े, नांदेड, सुश्री. दीपाली बनसोडे, घटनान्दुर, सुश्री. सुल्ताना इद्रीस, सातारा, सुश्री. पूजा दडे, सोलापुर और सुश्री. वृंदा वंजारे, उस्मानाबाद को रु. २०१/- नगद, सम्मानपत्र और स्मृतिचिन्ह, प्रदान किये गए।

समारोह का प्रस्ताविक तथा सूत्रसंचालन संयोजक डॉ. विनोदकुमार वायचल ने किया। अध्यक्षीय समापन प्रधानाचार्य डॉ. प्रशांत चौधरी ने किया। कृतज्ञता ज्ञापन डॉ. संजय जोशी ने किया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. अर्चना बनाले, मराठी अध्यापक डॉ. सहदेव रसाल एवं छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**२१) राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधालेख पठन (दि. २७-२८ जनवरी २०२०):-** डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद के हिंदी विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ. विनोदकुमार वायचल ने ‘वैचारिक साहित्य के अनुवाद का समाजशास्त्र’ शीर्षक शोधालेख का पठन किया।

**२२) हरिशंकर परसाई की व्यंग्य कहानियों का प्रदर्शन (३-४-५-६ फरवरी २०२०):-** हिंदी के सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार स्व. हरिशंकर परसाई के व्यंग्य कहानी संग्रह के ‘काग भगोड़ा’ की चार कहानियों ‘एक तृप्त आदमी’, ‘रामसिंह की ट्रेनिंग’, ‘विज्ञापन में बिकती नारी’ और ‘सदाचार का तावीज’ का दृक्श्राव्य रूपांतर बी. ए. प्रथम के छात्रों को दिखाया गया।

**२३) राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधालेख पठन (दि. ७ फरवरी २०२०)**:- लोकमान्य तिलक महाविद्यालय, वडवनी में आयोजित 'हिंदी साहित्य की वर्त्तमान विचारधारा विमर्श' राष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ. संजय जोशी ने 'जयशंकर प्रसाद के नाटकों में राष्ट्रीय भावना' शीर्षक शोधालेख प्रस्तुत किया।

**२४) राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में विषय प्रस्तोता के रूप में शोधालेख पठन (दि. १४ फरवरी २०२०)**:- अंजुमन खैरुल इस्लाम संचलित पूना महाविद्यालय, पुणे की राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में डॉ. विनोदकुमार वायचल ने विषय प्रस्तोता के रूप में 'राष्ट्रीय एकता में देवनागरी लिपि का योगदान : देवनागरी लिपि आन्दोलन के विशेष सन्दर्भ में' इस विषय पर शोधालेख प्रस्तुत किया। इस सत्र में सुप्रसिद्ध वक्ता एवं हिंदी विद्वान डॉ. सुनील देवधर और सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय, पुणे के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. तुकाराम पाटिल जी उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ राज्य से पधारी डॉ. अनुसुइया अग्रवाल जी ने इस सत्र का अध्यक्षीय समापन किया। इस संगोष्ठी के संयोजक डॉ. मोहम्मद शाकिर शेख जी और सहसंयोजक डॉ. बाबा शेख थे। पूना महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आफताब अन्वर शेख जी के मार्गदर्शन में संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया।

**२५) लघु कालावधि पाठ्यक्रम में सहभाग (दि. १७ फरवरी से २२ फरवरी २०२०)** :- हिंदी विभाग के सदस्य डॉ. संजय जोशी ने उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद में 'अध्यापक अध्यापन' विषय के लघु कालावधि पाठ्यक्रम में सहभाग लेकर सफलता अर्जित की।

**२६) राष्ट्रीय अभ्युपगम सुसूत्रीकरण कार्यशाला में सहभाग (दि. २५ फरवरी २०२०)** :- शासकीय ज्ञान-विज्ञान महाविद्यालय, औरंगाबाद के समाजशास्त्र विभाग और आई. सी. एस. एस. आर. के संयुक्त प्रावधान में आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय अभ्युपगम सुसूत्रीकरण कार्यशाला में डॉ. विनोदकुमार विलासराव वायचल, प्रा. बापू बाराते और प्रा. आप्पासाहेब माली ने सहभाग लिया।

**२७) छात्र-अध्यापक परिसंवाद में सहभाग (दि. २७ फरवरी २०२०)** :- कला, विज्ञान व वाणिज्य महाविद्यालय, नलदूर्ग तथा उस्मानाबाद हिंदी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय "बी. ए. तृतीय वर्ष हिंदी पाठ्यक्रम छात्र-अध्यापक परिसंवाद" में डॉ. विनोदकुमार विलासराव वायचल ने 'साहित्यशास्त्र – २' प्रश्नपत्र पर मार्गदर्शन किया। इस परिसंवाद में बी. ए. तृतीय वर्ष के छात्र श्री. इरशाद मोमीन ने सक्रीय सहभाग लिया।

**२८) अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधलेख पठन (दि. ६ मार्च २०२०)** :- अंजुमन खैरुल इस्लाम संचलित पूना कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, पुणे में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 'इक्कीसवीं सदी में मीडिया एवं साहित्य का बदलता स्वरुप' में डॉ. विनोदकुमार विलासराव वायचल 'वेदार्य' ने "इक्कीसवीं सदी के हिंदी उपन्यास साहित्य में मूल्य परिवर्तन : विभूति नारायण राय लिखित उपन्यास 'घर' के विशेष सन्दर्भ में"

शीर्षक शोधनिबंध प्रस्तुत किया। इस संगोठी में सुश्री. गीता सोती, सुश्री. वृंदा वंजारे, सुश्री. प्रमोदिनी इंगले, सुश्री. रोहिणी घुटे और श्री. इरशाद मोमीन इन पाँच छात्रों ने भी सक्रिय सहभाग लिया।

**२९) शोध निर्देशक मान्यता (दि. ७ मार्च २०२०) :-** डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद के विद्यावाचस्पति विभाग के कुलसचिव की ओर से डॉ. विनोदकुमार विलासराव वायचल 'वेदार्य' को विद्यावाचस्पति के शोध निर्देशक के रूप में मान्यता प्राप्त हुई।

अध्यक्ष हिंदी विभाग
व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय,
उस्मानाबाद

व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय
कार्यालय
उस्मानाबाद

प्राचार्य
व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय
उस्मानाबाद ४१३५०१

## राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता 'मॉरिशस के हिंदी प्रचार प्रसार में आर्य समाज का योगदान' पुरस्कार वितरण समारोह



राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता की प्रस्तावना




प्रमुख अतिथि का स्वागत सत्कार करते हुए प्रधानाचार्य



विशेष अतिथि श्री. विजय बंग जी का स्वागत सत्कार



श्री. विलासराव वायचल जी का स्वागत सत्कार




प्रमुख अतिथि प्र. वेदकुमार  वेदालंकार जी का मार्गदर्शन




प्रधानाचार्य डॉ. प्रशांत चौधरी जी का अध्यक्षीय समापन

## राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता 'मॉरिशस के हिंदी प्रचार प्रसार में आर्य समाज का योगदान' पुरस्कार वितरण समारोह







सूत्रसंचालन करते हुए डॉ. विनोदकुमार वायचल    कृतज्ञता ज्ञापन करते हुए डॉ. संजय जोशी





द्वितीय क्रमांक का पुरस्कार ग्रहण करते अभिभावक द्वितीय क्रमांक का पुरस्कार ग्रहण करते सुश्री. प्रिया वाघुले





तृतीय पुरस्कार ग्रहण करते हुए सुश्री. शालिनी फावड़े    तृतीय पुरस्कार ग्रहण करते हुए सुश्री. विशाखा बंग

## राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता 'मॉरिशस के हिंदी प्रचार प्रसार में आर्य समाज का योगदान' पुरस्कार वितरण समारोह





सांत्वनापरक पुरस्कार ग्रहण करते हुए सुश्री. पूजा दडे    सांत्वनापरक पुरस्कार ग्रहण करते हुए सुश्री. वृंदा वंजारे





सहभागी प्रमाणपत्र ग्रहण करते हुए श्री. संतोष चव्हाण    सहभागी प्रमाणपत्र ग्रहण करते हुए सुश्री. धनश्री धामने






सहभागी प्रमाणपत्र ग्रहण करते हुए सुश्री. मिनाक्षी माने सहभागी प्रमाणपत्र ग्रहण करते हुए सुश्री. अश्विनी  शेरखाने

## राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता 'मॉरिशस के हिंदी प्रचार प्रसार में आर्य समाज का योगदान' पुरस्कार वितरण समारोह







सहभागी प्रमाणपत्र ग्रहण करते हुए सुश्री. निशा शेरखाने सहभागी प्रमाणपत्र ग्रहण करते हुए सुश्री. अंजली गायकवाड़







सहसंयोजक डॉ. संजय जोशी जी का सत्कार संयोजक डॉ. विनोदकुमार वायचल का सत्कार






श्री. मनोहर सुरवसे जी का स्वागत सत्कार अभिभावक श्री. संतोष वाघुले जी का स्वागत सत्कार

**राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता 'मॉरिशस के हिंदी प्रचार प्रसार में आर्य समाज का योगदान' पुरस्कार वितरण समारोह**





श्रीमती प्रतिभा वेदालंकार जी का स्वागत सत्कार

श्रीमती वाघुले जी का स्वागत सत्कार







पूना महाविद्यालय,पुणे में आयोजित राष्ट्रीय युवा काव्यपाठ प्रतियोगिता में सहभागी चव्हाण और सोनवने का सत्कार






राष्ट्रीय युवा काव्यपाठ प्रतियोगिता में कविता प्रस्तुत करते हुए श्री. संतोष चव्हाण और श्री. अनिकेत सोनवने


हिंदी विभाग के छात्रों के लिए दृकश्राव्य माध्यम से पाठ्यक्रम अध्यापन






हिंदी (ऐ.) के छात्रों के लिए प्रेमचंद लिखित उपन्यास 'गोदान' के विष्णु प्रभाकर कृत 'होरी' नाटक का प्रदर्शन





बी. ए./बी. एस्सी. द्वि. वर्ष हिंदी (द्वि. भा.) के छात्रों के लिए महादेवी वर्मा के रेखाचित्र 'नीलकंठ मोर' का प्रदर्शन











हिंदी (ऐ.) के छात्रों के लिए मन्नू भंडारी लिखित उपन्यास 'आपका बंटी' पर आधारित चलचित्र 'समय की धारा'

हिंदी विभाग के छात्रों के लिए दृकश्राव्य माध्यम से पाठ्यक्रम अध्यापन







हिंदी (ऐ.) के छात्रों के लिए चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' लिखित कहानी 'उसने कहा था' पर आधारित चलचित्र का प्रदर्शन

हिंदी (ऐ.) के छात्रों के लिए हरिशंकर परसाई लिखित कहानी 'सदाचार का तावीज' और 'रामसिंह की ट्रेनिंग'


हिंदी (ऐ.) के छात्रों के लिए हरिशंकर परसाई लिखित कहानी 'एक तृप्त आदमी' और 'विज्ञापन में बिकती नारी'

हिंदी विभाग में उपन्यास-कथा-सम्राट प्रेमचंद जन्म जयन्ती समारोह




प्रेमचंद जी के जीवन पर आधारित कविता का भित्तिपत्र




प्रमुख अतिथि डॉ. देविदास इंगले जी का स्वागत




समारोह की प्रस्तावना करते हुए डॉ. विनोदकुमार वायचल




मार्गदर्शन करते हुए प्रमुख अतिथि डॉ. देविदास इंगले जी




अध्यक्षीय समापन करते हुए डॉ. प्रशांत चौधरी जी




कृतज्ञता ज्ञापन करते हुए डॉ. संजय जोशी जी

हिंदी विभाग में उपन्यास-कथा-सम्राट प्रेमचंद जन्म जयन्ती समारोह





समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राएं          भित्तिपत्रक के रेखाचित्रकार श्री. ओमप्रकाश शिंदे का सत्कार





'मेरे प्रिय लेखक प्रेमचंद' निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्र श्री. संतोष चव्हाण एवं सुश्री. फिरोजा शेख





'मेरे प्रिय लेखक प्रेमचंद' निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्र सुश्री. प्रियंका तोडकरी एवं सुश्री. अलीशा पठाण

डॉ. विनोदकुमार वायचल साधन व्यक्ति के रूप में






भानुदास चव्हाण महाविद्यालय में हिंदी सप्ताह में अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य द्वारा सत्कार एवं व्याख्यान देते हुए




समारोह की प्रस्तावना करते हुए डॉ. शीतल गायकवाड




अध्यक्षीय समापन कतरे हुए प्रधानाचार्य डॉ. स्वामी



हिंदी पखवाडा समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राएँ



लोकमत

# हिंदी भाषा पंधरवड्याचा महाविद्यालयात समारोप

लोकमत न्यूज नेटवर्क

लोहारा : शहरातील भानुदासराव चव्हाण महाविद्यालयामध्ये हिंदी भाषा दिनाचे औचित्य साधून आयोजित हिंदी भाषा पंधरवड्याचा समारोप उपप्राचार्य प्रा. विरभद्रेश्वर स्वामी यांच्या अध्यक्षतेखाली झाला.

उस्मानाबाद येथील व्यंकटेश महाजन महाविद्यालयाचे प्रा. डॉ. वेदकुमार वायचळ हे प्रमुख मार्गदर्शक म्हणून उपस्थित होते. प्रमुख पाहुणे म्हणून प्राचार्य विवेकानंद पाटील, हिंदी विभाग प्रमुख डॉ. शितल गायकवाड, प्रा. मंगेश चेंडके उपस्थित होते. यावेळी नेहरु युवा केंद्राच्या वतीने घेण्यात आलेल्या काव्य वाचन स्पर्धाचे बक्षीस वितरण पाहुण्याच्या हस्ते करण्यात आले.

कार्यक्रमास प्रा. व्यंकट चिकटे, प्रा. राजाराम निकम, प्रा. अमर किर्तने, प्रा. अनुसया साठे, प्रा. स्नेहलता करदुरे, प्रा. चव्हाण यांच्यासह विद्यार्थी उपस्थित होते.

लोहारा शहरातील भानुदासराव चव्हाण महाविद्यालयात काव्य वाचन स्पर्धेचे बक्षीस वितरण करताना डॉ. वेदकुमार वायचळ, प्रा. वीरभद्रेश्वर स्वामी, डॉ. शीतल गायकवाड, प्रा. मंगेश चेंडके आदी.

Hello Osmanabad
Page No. 4 Sep 23, 2019
Powered by: erelego.com




हिद्नी पखवाड़े का समाचार

भारतीय जीवन बीमा निगम मर्यादित, उस्मानाबाद में प्रमुख अतिथि





भारतीय जीवन बीमा निगम मर्यादित, उस्मानाबाद में वक्तृत्व प्रयोगिता के विजेताओं का सम्मान

व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय में हिंदी दिन







हिंदी दिन के अवसर पर दो भित्तिपत्रों का विमोचन करते हुए अध्यापक गण एवं छात्र-छात्राएँ





प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. जयश्री कुलकर्णी का स्वागत   भित्तिपत्रक रेखांकन करनेवाले छात्र श्री. संतोष चव्हाण




प्रेमचंद के कथा साहित्य का दृकश्राव्य रूपांतरण एवं राष्ट्रभाषा तथा राजभाषा हिंदी पर शक्तिबिंदु प्रस्तुतीकरण

राष्ट्रीय  निबंध प्रतियोगिता ‘हैदराबाद मुक्ति संग्राम में आर्य समाज का योगदान





प्रथम पुरस्कार ग्रहण करारे हुए सुश्री. नेहा ढमाले     द्वितीय पुरस्कार ग्रहण करते हुए सुश्री. प्रिय वाघुले



तृतीय पुरस्कार ग्रहण करते हुए सुश्री. सुमैया शेख



लोकमत समाचार

## प्रादेशिक निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न

उस्मानाबाद : राष्ट्रीय हिंदी सप्ताह एवं हैदराबाद मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में हाल ही में व्यंकटेश महाजन वरिष्ठ महाविद्यालय के हिंदी विभाग और धाराशिव आर्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में प्रादेशिक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में 'हैदराबाद मुक्ति संग्राम में आर्य समाज का योगदान' विषय पर कई विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ शामिल हुए. इस आयोजन के लिए कई दिनों से विधिवत तैयारी की गई थी. इसमें विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया. प्राध्यापकों की ओर से उन्हें बधाई दी गई.

Marathwada
Page No. 5   Sep 20, 2019
Powered by: erelego.com

दै. लोकमत समाचार में वार्ता





यशवंतराव महाविद्यालय औरंगाबाद में गाँधी जयन्ती

मिलिंद महाविद्यालय में 'अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद' शोधालेख





डॉ. बा. आं. म. विश्वविद्यालय, औरंगाबाद राष्ट्रीय संगोष्ठी

डॉ. बा. आं. म. वि.वि. में डॉ. दामोदर खडसे जी





पूना महाविद्यालय, पुणे में एकदिवसीय राष्ट्रीय नगरी लिपि संगोठी में विषय प्रवर्तक के रूप में साथ में सहसंयोजक डॉ. बाबा शेख, देवनागरी लिपि परिषद् के महामंत्री डॉ. हरिसिंह पाल जी, डॉ. सुनील देवधर, डॉ. तुकाराम पाटिल, छत्तीसगढ़ से डॉ. अनुसुइया अग्रवाल और नगरी लिपि परिषद् के उपाध्यक्ष डॉ. शहाबुद्दीन शेख






अंतर्राष्ट्रीय योग दिन स्वागत

रासेयो शिविर में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए





भ्रामरी प्राणायाम करवाते हुए

ध्यान करवाते हुए





राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों से वृक्षासन करवाते हुए महापरीनिर्वाण दिन पर रक्तदान करते हुए

बी. कॉम. के छात्र-छात्राओं के लिए ध्यान योग कार्यशाला




ध्यान के विविध भेद समझते हुए




कुण्डलिनी की जानकारी देते हुए



ध्यान के लाभ समझते हुए



कृतज्ञता ज्ञापन करते हुए डॉ. अर्चना बनाले-झाडे






ध्यान को बढ़ावा देनेवाले सर्वधर्मीय महापुरुष धर्म, कर्मयोग, समर्पण, दर्शन और आध्यात्म के बीच की कड़ी

भानुदास चव्हाण महाविद्यालय, लोहारा के रासेयो शिविर में मार्गदर्शन और योग प्रशिक्षण



लोहारा (खु.) में आयोजित रासेयो शिविर में स्वागत सत्कार



'रासेयो और समाज' विषय पर मार्गदर्शन



स्वयंसेवक और लोहारा (खु.) के ग्रामीणों को मार्गदर्शन



स्वयं सेवक और स्वयंसेविकाओं को योगाभ्यास करते हुए



स्वयं सेवक और स्वयंसेविकाओं को योगाभ्यास करते हुए



स्वयं सेवक और स्वयंसेविकाओं को योगाभ्यास करते हुए

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आर्य वक्ता आचार्य आनंद पुरुषार्थी






आचार्य जी ग्रंथोपहार देते हुए

आचार्य जी का सत्कार करते हुए डॉ. मनीष देशपांडे







स्वागत गीत

आचार्य जी मार्गदर्शन करते हुए







सूत्रसंचालन करते हुए डॉ. विनोदकुमार वायचल

उपस्थित छात्र-छात्राएं



आचार्य आनंद पुरुषार्थी जी को ग्रंथोपहार देते हुए



नाटककार श्री. पांडुरंग वाघमारे जी को ग्रंथोपहार देते हुए




अवकाश प्राप्त डॉ. अनार सालुंके को ग्रंथोपहार



स्वा. रा. ती. म. वि. वि. के प्रकुलपति डॉ. जोगेन्द्रसिंह बिसेन



सहसंचालक डॉ. गायकवाड जी का सत्कार




मास्टर सॉफ्टवेयर की कार्यशाला में प्रमाणपत्र ग्रहण करते हुए



लोनावाला में श्री. भूषण कुलकर्णी जी की वर्चुअल क्लासरूम कार्यशाला का प्रशिक्षण लेते हुए



लोनावाला में श्री. भूषण कुलकर्णी जी की वर्चुअल क्लासरूम कार्यशाला का प्रशिक्षण लेते हुए



लोनावाला में श्री. भूषण कुलकर्णी जी की वर्चुअल क्लासरूम कार्यशाला का प्रशिक्षुओं के साथ



स्थापित - 2014 पंजी. सं. 763

के.बी. (श्रीमती कटोरी देवी बाबूराम शर्मा) हिन्दी साहित्य समिति (पंजी.)

स्व. बाबूराम शर्मा स्व. श्रीमती कटोरी देवी

पंचम अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मान-2019

सम्मान पत्र

डॉ. विनोद कुमार वि. राव वायचल 'वेदार्य'

हिन्दी भाषा के उन्नयन/विकास/समग्र लेखन/साहित्यिक सेवाओं/संपादन कार्यों में उल्लेखनीय योगदान हेतु एवं आपकी कृति


शिक्षण महर्षि परम पूजनीय डॉ. बापू जी सांलुके : व्यक्ति एवं कार्य (शोधग्रंथ)

हेतु बाँकेलाल शर्मा स्मृति हिन्दी विभूषण श्री सम्मान रुपये 2100/- की धनराशि से अलंकृत कर समिति गौरवान्वित है

आयोजन स्थल - आर.के. इन्टरनेशनल स्कूल, बिसौली, बदायूँ (उ०प्र०)

आशुतोष कुमार शर्मा 'आँसू' डा. सतीश चन्द्र शर्मा 'सुधांशु'

राष्ट्रीय हिंदी विभूषण श्री सम्मान पुरस्कार



राष्ट्रहित हेच जनहित

RNI No. MAHMAR/2018/35532

Postal Reg. No. G-2/RNP/NND/344/2018-2020

WEEKLY

जन अध्ययन

JAN ADHYAYAN

पुरस्कार वितरण एवम् विशेषांक प्रकाशन समारोह

सम्मानपत्र

लेखक प्रेमचंद अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सम्मान पुरस्कार - २०१९

Lekhak Premchand International Literature Honour Award-2019

मान्यवर प्रा. डॉ. विनोदकुमार विलासराव वायचळ

व्यंकटेश महाजन महाविद्यालय, उस्मानाबाद (म.रा.)

आपके अथक परिश्रम, शिक्षा प्रेम, साहित्य सेवा, दृढ़ संकल्प एवम् समर्पित बहुमुखी प्रतिभा से समाज लाभान्वित होता रहा है। आप शिक्षा और साहित्य की परंपरा एवम् संस्कृति का समाज में प्रचार-प्रसार करने हेतु सदैव तत्पर रहते है।

अपनी दृढ़ता, विनम्रता, सहजता, संकल्पशीलता एवम् उदारता से आप ने साहित्य क्षेत्र में अनुकरणीय व्यक्तित्व का उदाहरण प्रस्तुत किया है। आप के बहुमुखी व्यक्तित्व, कृतित्व और प्रतिभा दृष्टीकोन को रेखांकित करते हुए हम आपको सम्मान स्वरुप Weekly जन-अध्ययन समाचार पत्र के पुरस्कार वितरण और विशेषांक प्रकाशन समारोह में लेखक प्रेमचंद अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सम्मान पुरस्कार-२०१९ (Lekhak Premchand International Literature Honour Award-2019) से अलंकृत करते हुए यह मानपत्र सादर समर्पित करते है।

पंजीकरण संख्या : 62

Chief Convenor

प्राचार्य डॉ. विठ्ठल प्रभाकरराव मोरे

लेखक प्रेमचंद अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सम्मान पुरस्कार



RNI-MAHMUL/2015/65315 ISSN 2395-0404

UNIVERSAL RESEARCH GROUND

PEER REVIEWED RESEARCH JOURNAL

शिक्षक दिनानिमित्य विशेष पुरस्कार सोहळा

सन्मानपत्र

भारतरत्न डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम आंतरराष्ट्रीय सन्मान पुरस्कार-२०१९

Bharatratn Dr. A.P.J. Abdul Kalam International Honour Award-2019

ISSN 2395-0404

Authorised Signature

Editor in chief

Date : 08 Sept. 2019



भारतरत्न डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम आंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार लघुचलचित्र 'शोध ', को उत्तम कथानक पुरस्कार